भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-131

उत्तर देने की तारीख-01/12/2025

तिरुचिरापल्ली में उपग्रह परिसर की स्थापना

†131. **श्री दुरई वाइको:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में एक उपग्रह परिसर स्थापित करने के लिए सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ तमिलनाडु (सीयूटीएन) से कोई प्रस्ताव प्राप्त किया गया है या उस पर विचार किया गया है;

(ख) यदि हाँ, तो प्रस्ताव का, प्रस्तुत करने का, वर्ष का, परिसर के उद्देश्य का ब्यौरा क्या है, और उक्त राज्य में भारतीदासन विश्वविद्यालय के निकट सुरियुर में इस उद्देश्य के लिए कितनी भूमि निर्धारित की गई है;

(ग) क्या उक्त प्रस्ताव को रोक दिया गया है या स्थगित कर दिया गया है, जैसा कि हाल ही में सामने आया है और यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार शैक्षणिक मांग और राज्य में तिरुचिरापल्ली के केंद्रीय स्थान को देखते हुए प्रस्ताव पर पुनर्विचार या उसे संशोधित कर सकती है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ.) यदि हाँ, तो उक्त प्रस्ताव की प्रस्थापना के लिए संभावित समय-सीमा क्या है और वित्तीय परिव्यय कितना है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (ङ): तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय ने विभिन्न अवसंरचनात्मक परियोजनाओं - नए शैक्षणिक भवन का निर्माण, लड़कों और लड़कियों के लिए छात्रावास, वैज्ञानिक इंस्ट्रूमेंटेशन केंद्र, प्रशासनिक भवन का विस्तार, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों हेतु आवास, अनुसंधान विद्वान छात्रावास और कौशल विकास केंद्र के विकास के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं। इन प्रस्तावों की जांच की गई और शिक्षा मंत्रालय द्वारा तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूटीएन), तिरुवरूर में व्यापक अवसंरचनात्मक विस्तार हेतु उच्चतर शिक्षा वित्त पोषण एजेंसी (एचईएफए) के माध्यम से कुल 385.27 करोड़ रुपये के परिव्यय को अनुमोदित किया गया। मुख्य परिसर के व्यापक विस्तार को प्राथमिकता देने के लिए संवर्द्धित अवसंरचना विकास के माध्यम से अत्याधुनिक सुविधा बनाने के लक्ष्य के साथ विश्वविद्यालय को सलाह दी गई कि वह मुख्य परिसर में मौजूदा कार्यक्रम के कौशल विकास पाठ्यक्रमों को सुदृढ़ करें।

****